दैनिक जागरण 25/12/2023

जीएमएन कालेज में हुए एक मिनट एक साथ गीता पाठ

गीता पाठ के दौरान जीएमएन कालेज का स्टाफ व विद्यार्थी। • सौजन्य विज्ञप्ति

जासं, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में महाविद्यालय के पूर्व छात्र गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के मार्गदर्शन में गीता जयंती के पावन अवसर पर सामूहिक गीता पाठ का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में कालेज के सभी स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में एक साथ मिलकर गीता पाठ किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति सद्भाव, सर्वत्र सुख समृद्धि, पर्यावरण शुद्धि एवं राष्ट्रीय गौरव वृद्धि के लिए एक साथ जुड़कर शिक्षा के महत्व और इस पावन धरा के धरोहर को सहेजने का एक सार्थक प्रयास हमारे कालेज के प्रांगण में स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों के द्वारा गीता के किया गया है।